बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 02/2020

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी/अभिभावक, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित को सूचित किया जाता है कि **माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019** बिहार राज्य के सभी जिला मुख्यालय में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर **दिनांक 28.01.2020** को दो पालियों में आयोजित होगी।

प्रथम पाली में पेपर–I एवं द्वितीय पाली में पेपर–II में निम्नांकित विषयों की परीक्षा होगी :–

पेपर –I : हिन्दी, उर्दू, संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान

पेपर –II : अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कम्प्यूटर साईंस एवं मैथिली ।

परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

परीक्षा की तिथि	प्रथम पाली (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक)	द्वितीय पाली (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक)
28.01.2020	माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 पेपर–I	माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 पेपर–II

उक्त परीक्षा अति महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी केन्द्रों पर जैमर की व्यवस्था की गयी है। साथ ही, परीक्षार्थियों की उपस्थिति सामान्य विधि के अतिरिक्त Biometric विधि से भी लेने की व्यवस्था सभी परीक्षा केन्द्रों पर की गयी है। **परीक्षा भवन में मोबाईल फोन, कैलकुलेटर गणितीय टेबुल, भौतिकी चार्ट, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, ब्लू टूथ, ईयर फोन, पेजर, बैग, पर्स इत्यादि लाना वर्जित है।**

उक्त परीक्षा का प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की सूचना विज्ञप्ति के माध्यम से परीक्षा की तिथि से कम से कम एक सप्ताह पूर्व दी जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)